न्यायालय [illegible] न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :—अनिल कुमार आर.ए.एस.

राजस्व आवेदन संख्या — .232 / 2024

बनाम

प्रार्थीगण	**विप्रार्थी**
गफुर पुत्र लुकमान अलादीन पुत्र लुकमान ज़ाति मुसलमान निवासी चौथिया तहसील रामसर।	1. तहसीलदार रामसर।

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 131, 136 राज0भू0राज0 अधिनियम

आदेश

दिनांक 09.04.2025

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार हैं कि मौजा चौथिया पटवार मण्डल सियाणी तहसील रामसर के खसरा संख्या 86 रकबा 0971 हेक्टयर व खेत खसरा 9 रकबा 20.0724 तथा खसरा संख्या 87 रकबा 12.5290 हेक्टयर का आया हुआ है उक्त खेत लुकमान पुत्र कण्डा व अन्य सह खातेदारों के नाम से थे लुकमान के फौत होने पर उनके विधिक वारिशान गफुर,अलादीन, खालक पत्नि हनीफा सुभानी के नाम नामान्तकरण स्वीकृत किया गया था। लुकमान के फौत होमे पर नामान्तकरण सही भरा गया था लेकिन प्रार्थी की माता हनीफा का स्वर्गवास होने पर उनके पुत्र गफुर वं अलादीन थे लेकिन हनीफा के स्वर्गवास पर हनीफा के वारिशान के साथ सुभानी के पुत्र खालक का नाम अंकित कर दिया जबकि खालक हनीफा का पुत्र नही होकर सुभानी कां पुत्र है तथा सुभानी वर्तमान में जीवित है। इस कारण रेकर्ड में दुरस्त कर खालक का नाम हटाते हुये गफुर तथा अलादीन के नाम अमलदरामद हेतु यह प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक 31.12.2024 को दर्ज किया गया।

आवेदन दर्ज रजिस्टर कर किया गया। तहसीलदार रामसर से रिपोर्ट चाही गयी। तहसीलदार रामसर से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर एवं पत्रावली के अवलोकन एवं संलग्न दस्तावेजों के अध्ययन के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा चौथिया पटवार मण्डल सियाणी तहसील रामसर के खसरा संख्या 86 रकबा 0971 हेक्टयर व खेत खसरा 9 रकबा 20.0724 तथा खसरा संख्या 87 रकबा 12.5290 हेक्टयर में खालक का नाम हटाते हुये हनीफा के विधिक वारिशान गफुर तथा अलादीन के नाम रेकर्ड में अमल दरामद करने के आदेश पारित किये जांते हैं। तहसीलदार रामसर को तदनुसार दुरुस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेशित किया जाता है।

यह आदेश आज दिनांक 09.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

उपखण्ड अधिकारी रामसर जिला बाड़मेर

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, रामसर
उपखण्ड अधिकारी
रामसर
दिनांक 09.04.2025

क्रमांक : रीडर / 2025 / 4678

प्रतिलिपि :—

1. तहसीलदार रामसर।
2. प्रार्थी गफुर पुत्र लुकमान जाति मुसलमान निवासी चौथिया तहसील रामसर वगेराह।

उपखण्ड अधिकारी रामसर
उपखण्ड अधिकारी
रामसर

Scanned by CamScanner